**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

का०आ०सं०–01 / स्था0–26–18 / 2024– 252 पटना, दिनांक– 02/07/2026

**कार्यालय आदेश**

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–83 दिनांक–09.01.2026 द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के संबंध में लोगों से मिलने का कार्यक्रम दिनांक–19.01.2026 से लागू करते हुए पत्र में उल्लेखित निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने हेतु विभाग को दिशा–निर्देश प्राप्त हुआ है, जिसमें प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) को सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपने शिकायतों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी से उनके निर्धारित कार्यालय कक्ष में मिलेंगे।

2. उक्त के आलोक में सचिव से मिलने वाले आगन्तुकों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन (शिकायत पंजी का संधारण एवं शिकायतों का सतत् अनुश्रवण आदि) का कार्य **विभागीय प्रशाखा–32** को आवंटित किया जाता है।

3. मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता के स्तर तक आमलोगों से प्राप्त होने वाले शिकायतों से संबंधित मामलों का अनुश्रवण आदि का कार्य भी **विभागीय प्रशाखा–32** को आवंटित किया जाता है।

4. यदि संबंधित पदाधिकारी / अधिकारी सोमवार एवं शुक्रवार को किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनके स्थान पर उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी आमलोंगों के शिकायतों से संबंधित मामलों को सुनवाई के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

5. उक्त कार्य में तकनीकी सहयोग हेतु **श्री विवेक कुमार, आई0टी0 मैनेजर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना** को सम्बद्ध किया जाता है।

6. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –
(संजय प्रसाद)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–01 / स्था0–26–18 / 2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को पत्रांक–83 दिनांक–09.01.2026 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–01 / स्था0–26–18 / 2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– वरीय प्रभारी पदाधिकारी / कनीय प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–32 / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–32, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

कृ0प0उ0

ज्ञापांक–01 / स्था0–26–18 / 2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– श्री दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मॉनिटरिंग, अंचल–1 / श्री विवेक कुमार, आई0टी0 मैनेजर जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशित किया जाता है कि उक्त कार्य हेतु प्रत्येक स्तर की रिपोर्टिंग के लिए अविलम्ब Format develop करते हुए सचिव महोदय को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय।**

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–01 / स्था0–26–18 / 2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विशेष सचिव / सभी अभियंता प्रमुख / सभी संयुक्त सचिव (प्रबंधन / अभियंत्रण सहित) / सभी मुख्य अभियंता / सभी उप सचिव (प्रबंधन सहित) / सभी अवर सचिव (प्रबंधन सहित) एवं सभी प्रशाखा पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–01 / स्था0–26–18 / 2024– 3612 पटना, दिनांक– 02/07/2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता IT, WRD IT Centre, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं IT Manager, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सभी मुख्य अभियंताओं को ईमेल करने हेतु प्रेषित।

30.06.2026
सरकार के उप सचिव